ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/global-liveability-index-2019

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (The Economist Intelligence Unit)** द्वारा **ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2019** जारी किया गया।

प्रमुख बिंदु

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के अंतर्गत किसी विशेष देश को निम्नलिखित पाँच श्रेणियों के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है:
    - स्थायित्व (Stability)
    - संस्कृति एवं पर्यावरण (Culture and Environment)
    - स्वास्थ्य देखभाल (Healthcare)
    - शिक्षा (Education)
    - आधारभूत अवसंरचना (Infrastructure)
- किसी शहर में प्रमुख कारकों को स्वीकार्य (acceptable), सहन करने योग्य (Tolerable), असुविधाजनक (Uncomfortable), अवांछनीय (Undesirable) या असहनीय (Untolerable) के रूप में मूल्यांकित किया जाता है।
- इस रिपोर्ट में विश्व के 140 शहरों को उनकी **रहने की स्थिति** के आधार पर रैंक प्रदान की गई है।
- हालाँकि इस सूचकांक में धनी देशों के मध्यम आकार वाले शहरों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।
    इसका प्रमुख कारण इन शहरों में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, अनिवार्य और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तथा कार्यात्मक सड़क एवं रेल बुनियादी ढाँचा का विकसित होना है।
- इस सूची में **वियना (ऑस्ट्रिया)** लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर है।
- इस इंडेक्स में एशियाई शहरों ने वैश्विक औसत से कम स्कोर प्राप्त किया है।
- वैश्विक रूप से दस सबसे कम स्कोर प्राप्त करने वाले शहरों में से तीन **एशिया** से हैं:
    - पापुआ न्यू गिनी में पोर्ट मोरेस्बी (135वाँ)
    - पाकिस्तान का कराची (136वाँ)
    - बांग्लादेश का ढाका (138वाँ)
- ब्रिक्स देशों में चीन का सुजॉय (Suzhou) शहर 75वें स्थान पर सबसे उपर जबकि भारत की राजधानी नई दिल्ली 118वें स्थान पर सबसे नीचे है।
- रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका विश्व में रहने योग्य सर्वोत्तम क्षेत्र हैं।

- रिपोर्ट के अनुसार, कराची, त्रिपोली एवं ढाका रहने योग्य शहरों में निम्नतम स्थान हैं जबकि दमिश्क का स्थान अंतिम है।
- फ्राँस की राजधानी पेरिस में सरकार विरोधी प्रदर्शन 'येलो वेस्ट' (Yellow Vest) होने के कारण इसकी रैंक घटकर 25 हो गई है।
- इस इंडेक्स में पहली बार निवास योग्यता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को शामिल किया गया है। इन प्रभावों में ख़राब वायु गुणवत्ता, असहनीय औसत तापमान एवं पर्याप्त पेयजल के अभाव को शामिल किया गया है।

भिन्न-भिन्न आधार पर शहरों का वर्गीकरण

पाँच सर्वाधिक रहने योग्य शहर

रैंक	शहर	देश
1.	वियना	ऑस्ट्रिया
2.	मेलबर्न	ऑस्ट्रेलिया
3.	सिडनी	ऑस्ट्रेलिया
4.	ओसाका	जापान
5.	कलगरी	कनाडा

पाँच सबसे कम रहने योग्य शहर

रैंक	शहर	देश
140.	दमिश्क	सीरिया
139.	लागोस	नाइजीरिया
138.	ढाका	बांग्लादेश
137	त्रिपोली	लीबिया
136.	कराची	पाकिस्तान

पाँच सर्वाधिक सुधार करने वाले शहर

रैंक	शहर	देश
68	मॉस्को	रूस
77	बेलग्रेड	सर्बिआ
107	हनोई	वियतनाम

117	कीव	यूक्रेन
123	आबिदजान	कोटे द आइवरी

पाँच कम सुधार करने वाले शहर

रैंक	**शहर**	**देश**
56	डेट्रॉयट	संयुक्त राज्य अमेरिका
99	असुन्सियोन	पराग्वे
106	ट्यूनिश	ट्यूनीशिया
131	कराकास	वेनेज़ुयला
137	त्रिपोली	लीबिया

भारतीय शहरों की स्थिति

- रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली (56.3 स्कोर) की रैंक में 6 स्थानों की कमी करते हुए 118वाँ एवं मुंबई (56.2 स्कोर) को 119वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- मुंबई की रैंक में कमी का कारण इसके सांस्कृतिक स्कोर का कम होना है।
- दिल्ली की रैंक में कमी इसके सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय और अपराधों में वृद्धि के कारण स्थिरता स्कोर में कमी की वजह है।
- दिल्ली को समग्र विकास के लिये सेक्टर आधारित समाधानों की आवश्यकता है। जैसे सुरक्षा के लिये आवासीय क्षेत्रों की आवश्यकता वाणिज्यिक क्षेत्र की अपेक्षा अलग होती है।
- सार्वजनिक परिवहन और अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर सुरक्षा और प्रदूषण जैसी समस्याओं को हल किया जा सकता है।

द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट

The Economist Intelligence Unit

यह यूनिट कंपनी **द इकोनॉमिस्ट** ग्रुप का शोध एवं विश्लेषण प्रभाग है।

इसे वर्ष 1946 में बनाया गया था।

इसका प्रमुख कार्य पूर्वानुमान और सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करना है।

इसका मुख्यालय लंदन में है।

स्रोत: द इकोनॉमिस्ट